सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 345 | इंदौर, गुरुवार 27 जून, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **IND vs ENG: सेमीफाइनल में जायसवाल को मिलेगा मौका? भारत के पास इंग्लैंड से बदला लेने का मौका**
2. **UN: यूएन में पाकिस्तान ने फिर अलापा कश्मीर राग, भारत ने लगाई लताड़ा, कहा- ध्यान भटकाने की एक और नाकाम कोशिश**
3. **US: 'पन्नू मामले में भारत की जांच का है इंतजार', अमेरिका ने एनएसए के दौरे के समय भी उठाया था ये मुद्दा**
4. **Bombay High Court: 'जिस तरह लोकल ट्रेन में कराई जा रही यात्रा, उस पर शर्म आनी चाहिए'; कोर्ट की रेलवे को फटकार**
5. **Data Leak: BSNL के सर्वर में लगी सेंध, हैकर के हाथ पहुंचा 278GB डाटा, घर का एड्रेस तक है शामिल**
6. **US: समलैंगिक संबंधों के दोषी पूर्व सैनिकों को राष्ट्रपति का क्षमादान, व्हाइट हाउस ने कहा- ऐतिहासिक गलती सुधारी**
7. **'तानाशाह का विनाश हो जाए': सीएम केजरीवाल की मुश्किलों के बाद गुस्से में सुनीता, बोलीं- अब हमेशा यही प्रार्थना**

# भोपाल-इंदौर समेत 6 जिलों में बारिश का अलर्ट

### उज्जैन-ग्वालियर में आंधी चलेगी; विदिशा में बिजली गिरने से बुजुर्ग की मौत, युवक झुलसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में बुधवार रात भोपाल और विदिशा में गरज-चमक के साथ तेज बारिश हुई। एक घंटे की मूसलाधार बारिश में विदिशा में कई इलाकों में पानी भर गया। बिजली गिरने से यहां एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि एक युवक झुलस गया।**

गुरुवार को भी 6 जिलों में आंधी चलेगी और बारिश होगी। इनमें भोपाल, गुना, अशोकनगर, विदिशा और नर्मदापुरम जिले शामिल हैं। इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन समेत प्रदेश के कई जिलों में भी मौसम बदला रहेगा। यहां आंधी और गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी। ऐसा वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन की वजह से होगा।

### विदिशा में सड़कों पर भरा डेढ़ फीट तक पानी

विदिशा में देर रात हुई बारिश से सड़कों पर डेढ़ फीट तक पानी भरा गया। नालियों की गंदगी सड़कों पर बहने से लोग परेशान हुए। मोहन गिरी, बरईपुरा ,नीमताल, बक्सरिया, डंडापुरा गल्लामंडी गेट, नंदीपुर सहित शहर के कई इलाकों में घरों और दुकानों में लोग सामान खराब होने से बचाने की कोशिश करते रहे।



वहीं हाटखेड़ा में खेत में पेड़ पर बिजली गिर गई। पेड़ के नीचे खड़े बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। बुजुर्ग का नाती झुलस गया।

### बुधवार को प्रदेश में मौसम के दो रंग दिखे

बुधवार को प्रदेश में मौसम के दो रंग देखने को मिले। ग्वालियर में 1.8 इंच और धार में पौन इंच पानी गिर गया। वहीं, सीधी, उमरिया, बैतूल, गुना, रतलाम और उज्जैन में भी हल्की बारिश हुई। दूसरी ओर, निवाड़ी का पृथ्वीपुर सबसे गर्म रहा। यहां पारा 43.5 डिग्री दर्ज किया गया। छतरपुर के बिजावर, दमोह और ग्वालियर में तापमान 40 डिग्री के पार रहा।

### इस वजह से बारिश का असर

IMD, भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि साइक्लोनिक सर्कुलेशन, ट्रफ लाइन और वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से बारिश, आंधी और गरज-चमक की स्थिति बनी हुई है। गुरुवार को मानसून आगे बढ़ेगा।

### अब तक इन जिलों में पहुंचा मानसून

1. 21 जून को 6 जिले- पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी और अनूपपुर जिलों में सबसे पहले मानसून पहुंचा।
2. 23 जून को 26 जिले- भोपाल, इंदौर, उज्जैन, अलीराजपुर, बड़वानी, धार, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, देवास, सीहोर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सागर, दमोह, कटनी, उमरिया, शहडोल, सीधी, सिंगरौली,
3. 25 जून को 17 जिले- झाबुआ, रतलाम, नीमच, मंदसौर, आगर, शाजापुर, राजगढ़, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, मैहर, रीवा और मऊगंज जिलों में मानसून एंटर हुआ।

# रेत माफिया ने की अफसरों को कुचलने की कोशिश

### रॉड से मारने दौड़े, रायफल दिखाकर सड़क पर ही खाली कर दिया डंपर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। ग्वालियर में रेत माफिया ने खनिज विभाग के अफसरों को डंपर से कुचलकर मारने की कोशिश की। लोहे की रॉड से अधिकारियों को मारने दौड़े। फिर गोली मारने की धमकी देकर सड़क पर ही रेत पलट दी और डंपर लेकर भाग निकले।**

घटना बुधवार सुबह मुरार इलाके की है। खनिज विभाग की तरफ से थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस का कहना है कि डंपर पर लिखा रजिस्ट्रेशन नंबर फर्जी है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

सहायक खनिज अधिकारी राजेश कुमार गंगेले ने बताया कि हमारी टीम मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात रेत का अवैध परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए निकली थी। बिजौली रोड पर चेकिंग के दौरान बुधवार सुबह एक डंपर आता दिखाई दिया। इसका रजिस्ट्रेशन नंबर MP07 ZQ 7931 था। डंपर में करीब 30 घन मीटर रेत भरी थी।

### जहां डंपर रोका, वहां माफिया के लोग पहले से मौजूद थे

राजेश गंगेले ने बताया कि हमने डंपर को रोकने की कोशिश की, तो ड्राइवर ने कट मारा। वह हमारी टीम पर डंपर चढ़ाने की कोशिश करता हुआ भागा। हमने पीछा किया तो ड्राइवर ने डंपर बड़ागांव हाईवे पुल के पास रोक लिया। यहां पर ड्राइवर और डंपर का मालिक कान्हा पुत्र गोविंद सिंह यादव गाड़ी से नीचे उतर आए। वहां उनके कुछ और साथी पहले से मौजूद थे। सभी लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। कान्हा ने डंपर से रॉड निकालकर टीम पर हमला किया। रायफल दिखाकर गोली मारने की धमकी दी।

### रायफल लहराते हुए सड़क पर पलट दी रेत

अचानक किए गए हमले से खनिज विभाग का स्टाफ घबरा गया और भागकर जान बचाई। इसके बाद ड्राइवर और मालिक ने रायफल लहराते डंपर में भरी रेत सड़क पर पलट दी। फिर डंपर लेकर फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### फर्जी नंबर प्लेट पर चला रहे थे डंपर

सीएसपी मुरार राजीव जंगले ने बताया कि आरटीओ की वेबसाइट पर डंपर का रजिस्ट्रेशन नंबर डाला तो वह फर्जी निकला। चेसिस और इंजन नंबर के आधार पर पता लगा कि डंपर का नंबर MP07 ZQ 7931 न होकर RJ32 GC 7268 है।

आरोपी रॉयल्टी बचाने के लिए नंबर प्लेट बदलकर डंपर चला रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा, धोखाधड़ी और हमले की कोशिश की एफआईआर दर्ज की है। जंगले ने कहा कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# शहर के 12 मुक्तिधाम और सामाजिक न्याय तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की 10 संस्थाओं का होगा जनभागीदारी से जीर्णोद्धार

## ◆ कलेक्टर आशीष सिंह ने निरीक्षण कर जीर्णोद्धार कार्यों का लिया जायजा





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह की पहल पर शहर के 12 मुक्तिधामों और सामाजिक न्याय एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित 10 कल्याणकारी संस्थाओं का जनभागीदारी से जीर्णोद्धार किया जा रहा है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने आज निरीक्षण कर जीर्णोद्धार कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने उक्त कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये।**

श्री सिंह ने शहर में स्थित सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित मानसिक रूप से अविकसित बाल गृह केन्द्र परदेशीपुरा का निरीक्षण किया। यहां भवन सुधार कार्य का जायजा लेते हुए उन्होंने समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने उक्त केंद्र परिसर में गार्डन विकसित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने किशोर न्याय बोर्ड सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शहर के मुक्तिधाम और महिला बाल विकास की संस्थाओं के भवनों के जीर्णोद्धार संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। श्री सिंह ने बताया जीर्णोद्धार कार्य के तहत पहले चरण में मुक्तिधाम सहित 22 कार्य लिये गए है, जिन पर करीब 4 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री गौरव बैनल सहित अन्य अधिकारी, सहयोगकर्ता संस्थाओं के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## पीएससी की मुख्य परीक्षा 2024 का नि:शुल्क प्रशिक्षण 18 जुलाई से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग 2024 की मुख्य परीक्षा की निःशुल्क कक्षाएं 18 जुलाई 2024 से प्रारंभ होंगी। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पात्र अभ्यर्थी कार्यालयीन समय में आवेदन कर सकते हैं।

### मॉक इंटरव्यू का भी प्रशिक्षण

केन्द्र की प्राचार्य श्रीमती अलका भार्गव ने बताया कि शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के युवाओं को मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा 2022 के इंटरव्यू का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। मॉक इंटरव्यू की कक्षाएं मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा नोटिफिकेशन जारी होने के 10 दिनों में शुरू होंगी। इसके लिये अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पात्र अभ्यर्थी कार्यालयीन समय में आवेदन कर सकते हैं।

## थोड़ी सी लापरवाही से बच्चे हो रहे फ्रॉड के शिकार

### मोबाइल का उपयोग करते क्या बरतें सावधानी, स्कूलों में मिल रही जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पलकों की थोड़ी सी लापरवाही या यू कहे की अनदेखी के कारण मासूम बच्चे अनजाने में साइबर फ्रॉड के शिकार हो रहे हैं। अब स्कूलों में उन्हें ऐसे फ्रॉड से बचाने के लिए साइबर एक्सपट्रस की टीम मोबाइल का उपयोग कैसे किया जाए इसकी जानकारी दे रही है. इंदौर शहर के कई स्कूलों में यह जानकारी देने के लिए साइबर एक्सपर्ट पहुंचने भी लगे हैं.

**अवेयरनेस के लिए 50 से ज्यादा स्कूलों में साइबर एक्सपर्ट-** अक्सर देखा गया है कि 5वीं से लेकर 10वीं क्लास तक के अधिकांश बच्चे अपने माता-पिता का मोबाइल का उपयोग करते हैं और कोई भी गेम या एप डाउनलोड करने के लिए उन्हीं के मेल का उपयोग करते हैं. ऐसे में कई बार वे अनजाने में फ्रॉड के शिकार हो जाते हैं, क्योंकि वे अपनी सारी जानकारी गेम व एप डाउनलोड करते समय दे देते हैं. ऐसे में बच्चों में अवेयरनेस लाने के लिए शहर के 50 से ज्यादा स्कूलों में साइबर अवेयरनेस के लिए एक्सपर्ट रखे गए हैं.

**बच्चों को पता नहीं होता- एसपी सायबर सेल-** साइबर सेल एसपी जितेंद्र सिंह का कहना है कि स्कूलों में साइबर अवेयरनेस के कार्यक्रम के दौरान बच्चों की मोबाइल हैबिट्स पता करने की कोशिश की जा रही है. इसमें जानकारी मिल रही है कि जिस उम्र में ईमेल आईडी बनाने की अनुमति ही नहीं है. ऐसे 70 फीसदी बच्चे पैरेंट्स के ईमेल आईडी से मोबाइल एक्सेस कर रहे हैं. बच्चों को पता नहीं होता कि किन वेबसाइट और एप पर लोकेशन और गैलरी की अनुमति देना है. फ्रॉड की शुरुआत यहां से हो रही है. बच्चों को डेबिट और क्रेडिट कार्ड के एक्सेस दिए जा रहे हैं. वहीं क्राइम ब्रांच इंदौर के एडीसीपी राजेश दंडोतिया का कहना है कि शहर के टीनएजर्स के साथ साइबर अपराध के मामले बढ़ रहे हैं. अवेयरनेस नहीं होने से पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है.

**पोर्टल और मोबाइल पर शिकायत-** बच्चों के साथ होने वाले साइबर अपराध की शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग के पोर्टल पर करा सकते हैं. साथ ही इंदौर पुलिस हेल्पलाइन 7049124445 पर भी जानकारी दे सकते हैं.

**इस तरह के मामले आ रहे सामने-** छठवीं कक्षा के एक बच्चे को गेमिंग की आदत पड़ गई.गेम खेलने की एसेसरीज खरीदने के लिए पैरेंट्स के डेबिट कार्ड से 11 हजार रुपए खर्च कर दिए. एक बच्चे के पिता ने साइबर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कर कहा कि उनके बेटे का मोबाइल चोरी हो गया है. पुलिस ने पड़ताल की तो पता लगा बच्चा गेम में मोबाइल हार गया. एक बच्चे ने गेम खेलने के लिए बच्चे ने पैरेंट्स को जानकारी दिए बना डेबिट कार्ड उपयोग कर लिया.पुलिस के पास मामला पहुंचने पर सच्चाई सामने आई.

## महापौर ने किया वार्ड 76 का निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने जोन 19 के वार्ड 76 का दौरा किया। उन्होंने कालिंदी के सामने ऊनो बिजनेस पार्क रोड पर सफाई का निरीक्षण किया। संघवी रेसीडेंसी और श्याम हाइट में बने वाटर रिचार्ज का निरीक्षण किया और रहवासियों से चर्चा की। श्रीजी वैली कॉलोनी में बन रहे उद्यान का निरीक्षण किया। संपत हिल्स कॉलोनी में समस्या के संबंध में रहवासियों से चर्चा की। बिचौली मर्दाना तालाब से नोबल हॉस्पिटल तक की सड़क और स्ट्रीट लाइट का निरीक्षण किया। बिचौली मर्दाना तालाब का निरीक्षण किया। एम्पायर स्टेट के रहवासियों से जन समस्या पर चर्चा कर समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बायपास पर स्ट्रीट लाइट और अतिक्रमण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। बायपास की स्टार्म वाटर लाइन सफाई के लिए उन्होंने संबंधित को निर्देश दिए हैं।दौरे के दौरान राऊ महापौर प्रतिनिधि अंशुमन चौहान, वार्ड अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, भाजपा नेता राजेश वानखेड़े, ठाकुर सिंह आंवलिया, रजत शर्मा सहित नगर निगम अपर आयुक्त मनोज पाठक, जेडओ वैभव देवलासे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## हमेशा ऊंचाई पर रहने वाले काजू के भाव नीचे गिरे

### आवक बढ़ने के कारण दामों में आ रही कमी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। हमेशा ऊंचे दाम के कारण इतराने वाला काजू अब धीरे-धीरे आवक बढऩे के कारण भाव के मामले में नीचे गिर रहा है. दरअसल बाहर से काजू की भरपूक आवक हो रही है, ऐसे में माल नहीं उठने के चलते व्यापारियों को काजू के भावों में 20 से 25 रुपए की कमी करना पड़ी है. देखा गया है कि कुछ समय पहले तक उत्पादन की कमी की वजह से काजू के भाव में करीब 150 से 200 रुपए तक की बढ़ोतरी दर्ज की जा रही थी, लेकिन अब लंबे समय बाद काजू में करीब 20 से 25 रुपए तक की नरमी बोली जा रही है. इसके पीछे कारण बताया जाता है कि दरअसल, कर्नाटक के मेंगलोर और उड़ीसा में बहुत दिनों बाद आवक बढऩे से भावों में कमी आने लगी है. वहीं बारिश भी दाम गिरने का एक कारण है, क्योंकि बारिश के दिनों में काजू की ग्राहकी भी कम हो गई है.

### शादियों के सीजन में आएगी तेजी

आगामी जुलाई माह में फिर से कुछ दिनों के लिए शादी ब्याह का सीजन शुरू हो जाएगा. ऐसे में व्यापारियों को उम्मीद है कि इस से ग्राहकी को सपोर्ट मिलेगा और एक बार फिर से काजू सहित अन्य ड्रायफ्रूट्स के भाव बढऩे लगेंगे. वहीं मानसून अच्छा होने से भी ग्राहकी निकलने की उम्मीद जताई जा रही है.

### खोपना गोला में भी ग्राहकी नहीं

उधर, खोपरा गोला का टेंडर एक रुपए कम में 92.40 रुपए में गया. पिछले सप्ताह टेंडर 2 से 3 रुपए ऊपर रहा था. हालांकि स्थानीय बाजार में ग्राहकी नहीं होने से खोपरा गोला के भाव में कोई परिवर्तन नहीं रहा.

**कालीमिर्च में भी मंदी-** व्यापारियों की मानें तो अभी लगभग सभी जिंसों में मंदी चल रही है. इसके चलते कालीमिर्च में आई तेजी के बाद अब मंदी आना शुरू हो गई है. इसके भाव 5 रुपए कम तक बोले गए. वहीं नारियल में ग्राहकी के अभाव में भाव स्थिर बने हुए हैं जबकि आवक 3 गाड़ी की रही.

# कुछ और लोगों का हाथ तो नहीं...?

## ◆ विजयवर्गीय ने घटना की बारीकी से जांच कर हकीकत सामने लाने के निर्देश दिए

**इंदौर। कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में हुए बीजेपी नेता की हत्या के पीछे साजिश होने का संदेह जताया है। बुधवार को विजयवर्गीय ने पुलिस को इस घटना की बारीकी से जांच कर हकीकत सामने लाने के निर्देश दिए। भाजयुमो की शहर इकाई के उपाध्यक्ष मोनू कल्याणे (35) की एमजी रोड थाना क्षेत्र में 22 और 23 जून की दरमियानी रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।**



पुलिस ने बताया कि कल्याणे की हत्या के आरोप में उनके दो पड़ोसियों-अर्जुन पथरोड़ और पीयूष पथरोड़ को भोपाल के आईएसबीटी के बाहर से 24 जून को गिरफ्तार किया गया था। कल्याणे के परिजनों को ढाढस बंधाने के बाद विजयवर्गीय ने संवाददाताओं से कहा कि कल्याणे की हत्या के आरोपी पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान रोज अपने बयान बदल रहे हैं। हत्याकांड के वास्तविक कारण का पता चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कल्याणे के पड़ोस में रहने वाले आरोपियों ने धोखे से उनकी हत्या की और लगता है कि इस वारदात के पीछे कोई षड्यंत्र था। विजयवर्गीय ने बताया कि उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए हैं कि वह घटना की बारीकी से जांच कर पता लगाए कि वारदात के पीछे कुछ और लोगों का हाथ तो नहीं है। भाजपा के सूत्रों के मुताबिक कल्याणे, विजयवर्गीय के करीबी समर्थकों में एक थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी-अर्जुन पथरोड़ और पीयूष पथरोड़, कल्याणे के पड़ोस में रहते हैं और शुरुआती जांच में यह सामने आया कि उन्होंने भाजयुमो पदाधिकारी की हत्या पुरानी रंजिश के कारण की। पुलिस की पूछताछ के दौरान आरोपियों ने दावा किया कि कल्याणे उन पर रौब जमाकर उन्हें आए दिन अपमानित करते थे, जिसका बदला लेने के लिए उन्होंने वारदात को अंजाम दिया। बता दें कि घटना के बाद दोनों हत्यारों के घर पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए उनके अवैध निर्माण पर बुलडोजर की कार्रवाई की है। 25 जून को प्रशासन ने दोनों के तीन मंजिले मकान को तोड़ दिया है।

# पौधे नहीं मिलने पर चेन्नई, राजमुंदरी और कई अन्य शहरों से बड़े पैमाने पर पौधे बुलवाए

## 51 लाख पौधारोपण की तैयारियां जारी, गृहमंत्री शाह होंगे शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 51 लाख पौधा रोपण के लिए तैयारियां जोरो पर है। आसपास के शहरों में पौधे नहीं मिलने के चलते चेन्नई, राजमुंदरी और कई अन्य शहरों से बड़े पैमाने पर पौधे बुलवाए गए हैं, जो कल इन्दौर लाए जाएंगे। करीब पौने दो लाख पौधे 15 ट्रकों में लाने के बाद उनकी समुचित देखभाल भी की जाएगी।**

नगर निगम, जिला प्रशासन सहित अन्य विभागों की टीमें खाली स्थानों, पहाड़ियों और नदी के आसपास के इलाकों को चिन्हित करने में जुटी है। इन्दौर में 7 जुलाई से इस अभियान की



शुरुआत करने की तैयारी है। गृहमंत्री अमित शाह भी पौधारोपण प्रोग्राम में शामिल हो सकते है। उनसे समय मांगा गया है। उन्हें 14 जुलाई को होने वाले रिकॉर्ड पौधा रोपण में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का कहना है कि उन्होंने 7 जुलाई का टाईम दिया है। हम चाहते हैं कि वो 14 जुलाई वाले रिकॉर्ड पौधा रोपण प्रोग्राम में हिस्सा है। दक्षिण भारत के कई शहरों से बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे मंगाए गए हैं। उद्यान और जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर के मुताबिक चेन्नई से 15 ट्रकों में करीब पौने दो लाख पौधे मंगवाए गए हैं, जो कल शाम तक इन्दौर लाए जाएंगे। इन्हें विभिन्न नर्सरी और सुरक्षित स्थानों पर रखवाया जाएगा ताकि वे जीवित अवस्था में रहे। देखभाल के लिए उद्यान विभाग के कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। करीब 57 प्रकार की प्रजातियों के पौधे विभिन्न सामाजिक संगठनों की मदद से बुलवाए गए हैं। इनमें अमलतास, पलाश, जकरंडा, तेबुबिया, कचनार, चक्रेसिया, काला पीपल, बरगद, नीम, अर्जुन, काऊ, गुलमोहर, मोलश्री, केसुरिना, कटल, जामुन, बादाम, अशोक सहित कई प्रजातियों के पौधे शामिल हैं। कल पहली खेप आने के बाद लगातार कई शहरों से ट्रकों में पौधे लाए जाएंगे।

# इंदौर उज्जैन टोल पर चक्काजाम

### निजी स्कूल बस ड्रायवरों ने गाड़ियां खड़ी की, टोल का कर रहे थे विरोध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर उज्जैन रोड के बारोली टोल नाके पर बुधवार को स्कूल बस ड्राइवरों ने चक्का जाम कर दिया। उनका आरोप था कि स्कूल बसों को टोल से छूट देना चाहिए। जबकि टोल नाकों पर उनसे टोल वसूला जा रहा है। इधर टोल प्रबंधन का कहना था कि यहां एक बस कम से कम 8 फेरे लेती है। उन्होंने दो बार टोल स्लिप कटाने की बात की। जिस पर स्कूल बस के ड्राइवर नाराज हो गए।**

इंदौर उज्जैन टोल का ठेका महाराष्ट्र की निजी कंपनी के पास है। यहां टोल में कंपनी को हर दिन करीब 12.50 लाख रुपए शासन को देने होते हैं। जिसमें अभी करीब 150 के लगभग वाहनों द्वारा टोल नही दिया जा रहा। जिसमें उन्हें काफी नुकसान हो रहा है। बुधवार को निजी स्कूल बस ड्रायवर्स ने यहां चक्का जाम कर दिया। उनका कहना था कि यहां टोल पर जबरन वसूली की जा रही है। जबकि उनकी बस लोकल है। जिसमें कुछ किलोमीटर के दायरे में छूट दी जाती है। लेकिन यहां टोल के नाम पर जबरदस्ती की जाती है।

इधर टोल प्रबंधन के मुताबिक एक बस यहां करीब 8 बार निकलती है। उन्होंने दो बार टोल देने की बात की। इस पर ड्राइवर और स्कूल मैनेजमेंट का कहना था वह टोल नहीं देंगे। इसे लेकर उन्होंने चक्का जाम किया था। हालांकि पुलिस ने कुछ ही देर बाद जाम खुलवा दिया था।

# जन्म मृत्यु संशोधन अधिनियम 2023 के अनुसार 11 अगस्त 2023 के बाद जन्म लिये सभी बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र अनिवार्य

### स्कूल में प्रवेश के साथ आधार, पेन, मतदाता परिचय पत्र तथा ड्रायविंग लायसेन्स के लिए भी रहेगा जरूरी

◆ एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जन्म मृत्यु संशोधन अधिनियम 2023 के अनुसार 11 अगस्त 2023 के बाद जन्म लिये सभी बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र अनिवार्य कर दिया गया है। इस जन्म प्रमाण-पत्र की अनिवार्यता स्कूल में प्रवेश के साथ आधार, पेन, मतदाता परिचय पत्र तथा ड्रायविंग लायसेन्स के लिए रहेगी। यह प्रमाण-पत्र नौकरी में ज्वाइनिंग और नागरिक सुविधाओं को प्राप्त करने का एकमात्र प्रमाण होगा।**

यह जानकारी यहां जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय द्वारा कलेक्टर कार्यालय में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में दी गई। इस कार्यक्रम में जन्म - मृत्यु पंजीयन के संबंध में जन्म मृत्यु संशोधन अधिनियम 2023 एवं इस संबंध में बनाये गये CRS Revamp Portal - dc.crsorgi.gov.in पोर्टल की



विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर संभागीय योजना अधिकारी श्री माधव बेंडे एवं जन्म मृत्यु पंजीयन कार्य करने वाली इकाइयों के रजिस्ट्रार उपस्थित थे। कार्यक्रम में जनगणना कार्य निदेशालय मध्यप्रदेश भोपाल के उप निदेशक श्री नमित यादव, सांख्यिकीय अन्वेषक श्री मनोज कनाड़े द्वारा जन्म मृत्यु संशोधन अधिनियम 2023 एवं CRS Revamp Portal पर प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के समस्त शासकीय चिकित्सा संस्थानों के रजिस्ट्रार, उनके सहयोगी, समस्त नगरीय निकायों के रजिस्ट्रार एवं उनके सहयोगी एवं प्राइवेट चिकित्सालयों के सूचनदाता मौजूद थे। इनके साथ संशोधित अधिनियम 2023 एवं Revamp Portal पर विस्तृत चर्चा की गई।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि संशोधित अधिनियम लागू होने वाली दिनांक 11 अगस्त 2023 के बाद पैदा हुए बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य कर दिया गया है। जो बच्चे से संबंधित बनाए जाने वाले दस्तावेजों जैसे -आधार, पैन, स्कूल में प्रवेश, मतदाता सूची के अद्यतन , ड्राइविंग लाइसेंस, सरकारी नौकरियों में ज्वाइनिंग एवं अन्य नागरिक सुविधाओं को प्राप्त करने का एक मात्र प्रमाण पत्र होगा। बताया गया कि चिकित्सा संस्थानों में हुई प्रत्येक मृत्यु का, मृत्यु के कारणों का चिकित्सीय प्रमाणीकरण संबंधित संस्थान के चिकित्सक द्वारा दिया जाना अनिवार्य होगा। उसकी एक प्रति संबंधित रजिस्ट्रार एवं दूसरी प्रति निकटतम संबंधी को निशुल्क दी जायेगी। Revamp पोर्टल में आम नागरिकों द्वारा मोबाइल OTP के माध्यम से जन्म मृत्यु की सूचना घटित घटना के स्थान से संबंधित रजिस्ट्रार को ऑनलाइन प्रेषित की जा सकेगी एवं रजिस्ट्रार द्वारा सत्यापन कर प्रमाण पत्र जारी किया जा सकेगा, जो सूचनादाता द्वारा उल्लेखित ईमेल आईडी पर प्राप्त हो जायेगा एवं कभी भी डाउनलोड किया जा सकेगा।

# सीतलामाता और खजूरी बाजार में चली मुहिम

### नगर निगम ने सड़क से अतिक्रमण हटाया, एक ट्रक माल जब्त, एसडीएम से कहासुनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम में पिछले 7 दिनों से बाजार से अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई चल रही है। इस मामले में बुधवार को सीतला माता बाजार और खजूरी बाजार में अतिक्रमण हटाने को लेकर मुहिम चलाई गई। यहां नगर निगम ने एक ट्रक माल जब्त किया। जानकारी के मुताबिक कार्रवाई में शामिल एसडीएम से व्यापारियों की हुज्जत भी हुई। जिसमें व्यापारी मौके पर इकट्ठा हो गए। एसडीएम ने व्यापारियों को एक सप्ताह का समय दिया और सामान जब्त कर चले गए।**

नगर निगम द्वारा बाजारों में ट्रैफिक व्यवस्थित करने को लेकर अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई जा रही है। बुधवार को करीब 4 बजे के लगभग खजूरी बाजार से पिपली बाजार के बीच स्टेशनरी व्यापारियों से एसडीएम प्रदीप सोनी की सामान सड़क पर रखने के चलते कहासुनी हो गई। अमले ने व्यापारियों के काउंटर जब्त कर गाड़ी में रख लिए। इसके बाद व्यापारी सड़क पर इकट्ठा हो गए। बाद में विवाद के चलते नगर निगम की टीम और एसडीएम थाने पहुंच गए।

व्यापारी एसोसिएशन के लोग भी कार्रवाई के विरोध में थाने पहुंचे। लेकिन दोनों तरफ से कोई शिकायत नहीं की गई। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक एसडीएम प्रदीप सोनी ने व्यापारियों को चेतावनी दी की सामान सड़क पर ना रखें। वही बाद में फुटकर व्यापारियों से एक ट्रक माल जब्त कर निगम की टीम अपने साथ ले गई।

इधर इस मामले में एसडीएम प्रदीप सोनी का कहना है कि अतिक्रमण करने वालों को समझाइश दी गई थी। उन्हें सामान हटाने के लिए कहा था। जिसका उन्होंने विरोध किया। समझाइश देकर जब्त सामान वापस कर दिया गया है, साथ ही आगे से अवैध रूप से सड़क पर कब्जा नहीं करने की चेतावनी भी दी है। मामले में किसी प्रकार की कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई है।

# फिर रूलाने लगा प्याज

### दामों में लगातार आ रही तेजी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। टमाटर, धनिया, हरी मिर्ची और अन्य सब्जियों के दामों में तेजी के चलते वैसे ही आम आदमी की रसोई का बजट गड़बड़ाया हुआ है, उस पर से अब प्याज भी रूलाने लग गया है। पहले भी कई बार प्याज के आसमान छूते भावों के कारण आमजन परेशान होते रहे हैं। यही हाल अब भी दिख रहा है. इंदौर मंडी में बीते सप्ताह तक 10 रुपये प्रति किलो बिकने वाले प्याज के भाव अब 40 रुपये किलो तक पहुंच गए हैं. संभावना है कि आने वाले दिनों में इसके भाव 60 से 70 रुपए किलो तक पहुंच जाएंगे, ऐसे में प्याज भी गरीब की थाली से दूर होता जाएगा. दरअसल मौसम में परिवर्तन के कारण हरी सब्जियों के दामों में बीते एक सप्ताह से तेजी चल रही है और हरी सब्जियां 50 रुपए किलो के उपर ही बिक रही है, वहीं लाल सुर्ख टमाटर तो सौ रुपए किलो तक पहुच गया है. ऐसे में अधिकांश आम आदमी ज्याद आलू प्याज के भरोसे थे, लेकिन अब धीरे-धीरे प्याज के दाम भी बढने लगे हैं, जो खेरची में 50 रुपए किलो तक जा पहुंचा है.

# संतों का अल्टीमेटम-नहीं होने देंगे पं. प्रदीप मिश्रा की कथा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। राधा रानी और तुलसीदासजी को लेकर कथा के दौरान कही गईं बातों को लेकर कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की मुसीबतें बढ़ती जा रही हैं। उज्जैन में दो दिन से उनके खिलाफ हो रही बयानबाजी के बीच बुधवार को उज्जैन षट्दर्शन संत समाज और तीर्थ पुरोहित एकजुट हो गए। अल्टीमेटम देते हुए कहा कि पंडित प्रदीप मिश्रा जब तक संत समाज से माफी नहीं मांगते, तब तक उनकी उज्जैन में कोई भी कथा संत समाज होने नहीं देगा।**

कथा वाचक प्रदीप मिश्रा के खिलाफ 13 अखाड़ों के संत, महंत, मंदिरों के पुजारी लामबंद हो गए। शहर के खाकचौक पर स्थित वैदेही गार्डन में सभी संत एकत्रित हुए और प्रदर्शन किया। इसमें महंत रामेश्वर दास महाराज, महंत राघवेंद्र दासजी, महंत दिग्विजय दासजी, महंत भगवान दासजी, महंत मुनि शरण महाराज, महंत सेवागिरी महाराज, महंत ज्ञानदास दास महाराज, सांदीपनि आश्रम के रूपम व्यास, पंडित राहुल व्यास, पंडित मनीष उपाध्यय अंगारेश्वर मंदिर सहित धर्म सभा, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज, अखिल भारतीय पुरोहित महासभा और धर्म यात्रा संघ के करीब 100 लोग प्रदर्शन में शामिल हुए। इस अवसर पर भगवान दास ने कहा कि कल तक साइकिल पर घूमने वाला आज बड़ा कथावाचक बन गया है। सनातन धर्म के खिलाफ बोल रहे हैं। राधा रानी और तुलसीदासजी पर दिए गए बयानों की हम सभी संत निंदा करते है और ये प्रण लेते है की प्रदीप मिश्रा जब तक माफी नहीं मांगेंगे, तब तक उज्जैन में उनका विरोध होगा। इसके साथ ही उज्जैन में कोई भी कथा नहीं होने दी जाएगी। संतों ने कहा-प्रदीप मिश्रा के पास अरबों की संपत्ति कहा से आई इसकी भी जांच होनी चाहिए। संतों ने एडीएम अनुकूल जैन को पंडित प्रदीप मिश्रा के खिलाफ एक ज्ञापन दिया, जिसमें कहा गया है कि पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा कथा के दौरान माता राधा रानी पर अर्नगल टिप्पणी की गई है। इसके अलावा तुलसीदासजी के विषय में भी आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। इससे उज्जैन ही नहीं देश व दुनिया के सनातनी भक्तों की भावना आहत हुई है। उज्जैन षट्दर्शन संत समाज और तीर्थ पुरोहित पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा व्यासपीठ से की जा रही अर्नगल टिप्पणियों पर अपना विरोध प्रकट करते हैं। देवी-देवताओं का अपमान करने वाली प्रवृत्तियों पर विधि अनुसार कार्रवाई कर सनातन देवी-देवताओं का अपमान करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए।



## गोवंश की हत्या के आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना।** मुरैना में गोवंश की हत्या के 2 आरोपियों के घर बुधवार को पुलिस ने बुलडोजर से ढहा दिए। पुलिस-प्रशासन का अमला बुधवार सुबह नूराबाद की बंगाली कॉलोनी पहुंचा। तीन घंटे में आरोपी जफ्फार खान और असगर खान के घर के अवैध निर्माण तोड़ दिए गए। आरोपी जफ्फार खान और असगर खान के घर का अवैध निर्माण तोड़ा गया। पुलिस ने मामले में 9 लोगों को आरोपी बनाया, इनमें से 6 को गिरफ्तार कर लिया था। तीन आरोपी अभी भी फरार हैं। नूराबाद थाना प्रभारी ओपी रावत ने बताया कि बंगाली कॉलोनी में 21 जून को बजरंग दल ने एक घर में गोमांस रखा होने की शिकायत की थी। लोगों ने कार्रवाई की मांग को लेकर नेशनल हाईवे जाम कर दिया था, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी जफ्फार खान, असगर खान, शम्मी, अफसर, रेतुआ, बिश्नोई, मौसम, इकरार और साहू के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की थी। 3 दिन पहले ही मुख्य आरोपी असगर और उसके ससुर रेतुआ पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) भी लगाया गया है।

## 1250 रुपए के लिए दोस्त का मर्डर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर में एक युवक की हत्या कर दी गई। दोस्त ने उसका सिर पत्थर से कुचला, इसके बाद एक्सीडेंट दिखाने के लिए ऊपर से बाइक पटक दी। युवक का शव गढ़ा इलाके में बाइपास पर रोड के किनारे मिला। घटना मंगलवार - बुधवार की दरमियानी रात डेढ़ बजे की है। सनी सिंह लोधी (28) पेशे से ट्रक ड्राइवर था। पिंडारी गांव का रहने वाला था। पुलिस ने बुधवार दोपहर उसके दोस्त पप्पू कोरी (48) को गढ़ा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया है। वह गढ़ा का ही रहने वाला है। आरोपी ने बताया कि सनी और उसने साथ में मजदूरी की थी। इसके ढाई हजार रुपए मिले थे। मजदूरी के रुपए आधे - आधे आपस में बांटना थे, लेकिन सनी ने सारे पैसे खर्च कर दिए थे।

## नर्सिंग फर्स्ट ईयर का टाइम टेबल जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय जबलपुर ने बीएससी नर्सिंग फर्स्ट ईयर, पीबीबीएससी फर्स्ट ईयर और एमएससी नर्सिंग फर्स्ट ईयर की परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी किया है। इसमें पीबीबीएससी नर्सिंग फर्स्ट ईयर के एग्जाम 6 अगस्त से शुरू होकर 2 सितंबर तक चलेंगे। इसके अलावा बीएससी नर्सिंग फर्स्ट ईयर के एग्जाम 8 अगस्त से शुरू होकर 27 अगस्त तक चलेंगे वहीं, एमएससी नर्सिंग फर्स्ट ईयर के एग्जाम 13 अगस्त से शुरू होकर 27 अगस्त तक चलेंगे। इसके अलावा नर्सिंग एग्जाम का कैलेंडर भी जारी किया गया है।

## युवक को निर्वस्त्र कर पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर।** छतरपुर में नशे में धुत चार युवकों ने एक युवक को निर्वस्त्र कर बेल्ट से पीटा। लात-घूंसे मारे। कट्टा अड़ाया और कपड़े फाड़ दिए। फिर शरीर को सिगरेट से कई जगह दागा। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने आरोपी देवा ठाकुर, अन्नू घोषी और लकी घोषी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों का जुलूस निकाला। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों से नारे लगवाए। जिसमें ये बुलवाया। अपराध करना पाप है, कानून हमारा बाप है, बोलते हुए थाने ले गए।

**आपातकाल का दर्द बयां किया**

# इतने डंडे मारे कि आज भी दर्द होता है : शिवराज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मुझे चार तमाचे मारे। थाने में बंद कर दिया। घुटनों और कोहनी के जोड़ों में इतने डंडे मारे कि आज भी जब बादल छाते हैं तो दर्द होता है। उस समय मुझे रात भर जगा के रखा।**

ये कहना है केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का। वे 1975 में देश में लगे आपातकाल के दौरान का अपना दर्द बयां कर रहे थे। शिवराज सिंह की तरह उस दौर के कई ऐसे नेता और अन्य लोग हैं, जिन्होंने इमरजेंसी की पीड़ा भोगी। दरअसल, बुधवार को भोपाल में सीएम हाउस में करीब डेढ़ हजार से ज्यादा लोकतंत्र सेनानी (मीसाबंदी - आपातकाल के दौरान जेल जाने वाले) और उनके परिजन जुटे। CM डॉ. मोहन यादव ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। उन्हें लेकर कई घोषणाएं भी कीं। इस दौरान लोकतंत्र सेनानियों ने जब इमरजेंसी के दर्द को बयां किया तो वे भावुक भी हो गए। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान



भोपाल में सीएम हाउस में आयोजित मीसाबंदी सम्मेलन में शामिल नहीं हुए, लेकिन दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय संवाद कार्यक्रम में 'इमरजेंसीः आजाद भारत का सबसे काला अध्याय' विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा- जेपी के नेतृत्व में आंदोलन चल रहा था कि सिंहासन खाली करो, लेकिन इन्होंने कहा कि किसी कीमत पर कुर्सी नहीं छोड़ेंगे। मौलिक अधिकारों का हनन किया गया। मीसा को खतरनाक बना दिया गया। मेरी 11वीं कक्षा की परीक्षा थी। मैं भोपाल में पढ़ता था। एक बार मैं पढ़ रहा था तो 11 बजे रात में पुलिस वाले आए। बोले-तू इंदिरा गांधी के खिलाफ आंदोलन चलाएगा? मैंने कहा कि आंदोलन मैं कहां चलाऊंगा। तभी एक हेड कॉन्स्टेबल ने तलाशी ली तो सामग्री निकली। मुझे चार तमाचे पड़े और हबीबगंज थाने लाकर बंद कर दिया। मेरे घुटनों और कोहनी के जोड़ों में इतने डंडे मारे कि आज भी बादलों के समय में वो दुखते हैं। शिवराज ने कहा- दूसरे दिन छुट्टी थी तो न्यायाधीश के घर ले गए, उसके बाद मुझे पैदल ले जाने लगे। तांगा निकल रहा था, उसमें सवार लोग मुझे चोर समझने लगे तो मैंने नारा लगाया कि जुल्म के आगे नहीं झुकेंगे, जुल्म किया तो और लड़ेंगे। बैरक में हम रहते थे, एक साथी बीमार हुए, अस्पताल नहीं ले जाया गया और उनकी मौत जेल में हो गई। एक प्रभुदयाल ढोलकिया को पकड़ा था, तो किसी और प्रभुदयाल को ले आए। कुछ दिन बाद एक और प्रभुदयाल को ले आए, कोई सुनवाई नहीं, कोई वकील नहीं।

## 3 जुलाई को पेश होगा एमपी सरकार का बजट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा का एक जुलाई से शुरू होने वाले सत्र के लिए बजट की तारीख तय हो गई है। डॉ. मोहन यादव सरकार अपना पहला बजट 3 जुलाई को विधानसभा के पटल पर रखेगी। इसके पहले वित्त विभाग बजट संबंधी प्रक्रिया पूरी कर लेगा।**

विधानसभा सचिवालय ने 19 जुलाई तक चलने वाले सत्र के लिए अब तक की सूचना के आधार पर विधेयक पेश करने और प्रश्नोत्तर काल के समय की सूची विधायकों के लिए जारी कर दी है। इससे पहले लोकसभा चुनाव के चलते फरवरी में 4 माह का अंतरिम बजट पारित हुआ था। विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने बताया कि सत्र के पहले दिन और दूसरे दिन प्रश्नोत्तर काल के बाद शासकीय कार्य होंगे। जिसमें विधेयक पेश किए जाएंगे। इसके बाद 3 जुलाई को एमपी सरकार का बजट पेश होगा। इसमें वित्त मंत्री और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा वर्ष 2024-25 के आय व्यय का विवरण पेश करेंगे। साथ ही, मध्यप्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन की जानकारी सदन के पटल पर सुबह 11.05 बजे रखेंगे। चार जुलाई को प्रश्नोत्तर काल के बाद बजट पर चर्चा होगी और बजट पर चर्चा का यह क्रम पांच जुलाई तक चलेगा। पांच जुलाई को ही अशासकीय संकल्प और विधेयक पेश किए जाएंगे। 6 और 7 जुलाई को अवकाश के बाद 8 जुलाई से विधानसभा में प्रश्नोत्तर काल के दौरान विभागीय मांगों पर मतदान कराया जाएगा और यह प्रक्रिया 12 जुलाई तक चलेगी। 12 जुलाई को ही अशासकीय संकल्प और विधेयक सदन में पेश किए जाएंगे। इसके बाद 13 व 14 जुलाई को अवकाश के बाद 15 व 16 जुलाई बजट पर चर्चा होगी, और 16 को बजट को मंजूरी दी जाएगी। 17 जुलाई को अवकाश के बाद 18 और 19 जुलाई को शासकीय विनियोग विधेयकों पर चर्चा होगी।

## पेड़ से टकराई, तीन लोगों की मौत

**सीहोर।** एक तेज रफ्तार कार दूध के टैंकर में जा घुसी। इसके बाद पेड़ से टकरा गई। कार सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों युवक भोपाल के रहने वाले थे। हादसा आष्टा में इंदौर-भोपाल हाईवे पर किलेरामा के पास मंगलवार रात करीब 1 बजे हुआ। पर्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा ने बताया कि जिस टैंकर में कार पीछे से घुसी वह भोपाल से इंदौर की ओर जा रहा था। हादसे के दौरान कार में सवार महेश ठाकुर (37), रूप सिंह ठाकुर (24) और सुनील मेवाड़ा (28) की मौत हुई है। उनके पास से मिले दस्तावेजों के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई। आज पोस्टमॉर्टम के बाद शवों को परिजनों को सौंपा जाएगा।

## रेत माफिया ने की खनिज अफसरों को कुचलने की कोशिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में रेत माफिया ने खनिज विभाग के अफसरों को डंपर से कुचलकर मारने की कोशिश की। लोहे की रॉड से अधिकारियों को मारने दौड़े। फिर गोली मारने की धमकी देकर सड़क पर ही रेत पलट दी और डंपर लेकर भाग निकले। घटना बुधवार सुबह मुरार इलाके की है। खनिज विभाग की तरफ से थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस का कहना है कि डंपर पर लिखा रजिस्ट्रेशन नंबर फर्जी है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। सहायक खनिज अधिकारी राजेश कुमार गंगेले ने बताया कि हमारी टीम मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात रेत का अवैध परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए निकली थी। बिजौली रोड पर चेकिंग के दौरान बुधवार सुबह एक डंपर आता दिखाई दिया। इसका रजिस्ट्रेशन नंबर MP07 ZQ 7931 था। डंपर में करीब 30 घन मीटर रेत भरी थी।

## नेता पर 4 महीने बाद छेड़छाड़ का केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुर। नर्मदापुरम शहर में भाजपा नेता प्रकाश शिवहरे पर छेड़छाड़ का केस दर्ज हुआ है। एफआईआर कोतवाली थाने में 16 जून को दर्ज हो चुकी थी, पुलिस इसे दबाने की हर मुमकिन कोशिश करती रही।**

यहां तक की एफआईआर छिपाने के लिए पोर्टल तक पर अपलोड नहीं की। मामला सोशल मीडिया ग्रुप पर उजागर होने के बाद डीएसआर (डेली सिचुएशन रिपोर्ट) में भी नहीं लिखी। कोई रिपोर्ट पढ़ नहीं ले, इसलिए पुलिस की अधिकृत वेबसाइट के एमपी पुलिस सिटिजन पोर्टल से भी एफआईआर दिखाई नहीं दे रही।सिर्फ इतना ही नहीं, भाजपा नेता के खिलाफ शिकायत लिखने में पुलिस को 4,5 महीने लग गए। पीड़ित महिला आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाती रही। जब सुनवाई नहीं हुई तो फरवरी 2023 में सीएम हेल्पलाइन 181 पर शिकायत की। तब जाकर एफआईआर हो सकी। महिला का आरोप है कि बीजेपी नेता ने घर आकर छेड़खानी की, फार्म हाउस पर भी मिलने बुलाता था। प्रकाश शिवहरे भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रह चुके हैं।

## संपादकीय

### गंभीर हो रही समस्या

शहरी नियोजन की चपेट में आकर बहुत सारे प्राकृतिक जलाशय पहले ही अपना अस्तित्व खो चुके हैं, अब बचेखुचे संरक्षित जलाशयों पर जलवायु परिवर्तन का प्रकोप पड़ना शुरू हो चुका है। केंद्रीय जल आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक देश के डेढ़ सौ प्रमुख जलाशयों का स्तर घट कर महज इक्कीस फीसद रह गया है। भीषण गर्मी का असर सबसे अधिक दक्षिण भारत के जलाशयों पर देखा गया है, जहां बयालीस जलाशय हैं और उनमें जल की मात्रा घट कर सोलह फीसद तक रह गई है। हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और पंजाब के दस जलाशयों में उनकी कुल क्षमता का अट्ठाईस फीसद जल रह गया है। यही हाल पूर्वोत्तर के तेईस जलाशयों का है, जिनमें उनकी कुल भंडारण क्षमता का करीब बीस फीसद पानी रह गया है। इसे लेकर जल आयोग की चिंता स्वाभाविक है। पहले ही बरसात कम होने की वजह से इन जलाशयों का पुनर्भरण संतोषजनक स्तर तक नहीं पहुंच पाया था, फिर पहाड़ों पर बर्फ कम गिरने के कारण पहाड़ी इलाकों के जलाशयों में पानी का स्तर लगातार घट रहा है। प्राकृतिक जलाशय अनेक शहरों के लिए पेयजल उपलब्ध कराने का प्रमुख स्रोत हैं। मगर समुचित रखरखाव और उनके जलस्रोतों का संरक्षण न हो पाने की वजह से उनमें बरसात का पानी भी समुचित रूप में नहीं पहुंच पाता। जलाशयों में बरसात का पानी ऊंचे इलाकों से पहुंचता है, मगर जब वहां बस्तियां बस जाती हैं, तो उनका जलस्रोत बाधित होता है। बहुत सारे जलाशयों का जल स्तर इसलिए भी घट रहा है। दूसरी सबसे बड़ी वजह पिछले कुछ वर्षों से तापमान में लगातार वृद्धि और बरसात का असंतुलित होना भी है। गर्मी की अवधि लंबी होने से पेयजल और दूसरे उपयोग के लिए पानी की खपत बढ़ रही है। ऐसे में जलाशयों का स्तर घटते जाने से उन पर निर्भर शहरों और बस्तियों में जलसंकट बढ़ने की आशंका गहराने लगी है। लंबे समय से सलाह दी जाती रही है कि प्राकृतिक जलाशयों के रखरखाव और उनके जलस्रोतों को अबाध बनाए रखने की योजनाएं बनानी होंगी। बरसात का पानी उन तक पहुंचता रहे और उनमें गाद वगैरह की सफाई होती रहे, तभी उनके पुनर्भरण की संभावना बनेगी।

**अर्ज़ किया है..!**

*वो पहले सिर्फ़ मिरी आँख*
*में समाया था*
*फिर एक रोज़ रगों तक*
*उतर गया मुझ में*

*- रहमान फ़ारिस*

**OSHO कहिन**

**'डर' से ज्यादा खतरनाक इस दुनिया में कोई भी वायरस नहीं है।**



**धर्म-कर्म**

# आषाढ़ अमावस्या कब है, पितर पूजन के लिए खास मानी जाती है यह तिथि



आषाढ़ मास की अमावस्या का महत्व धार्मिक रूप से बहुत खास माना गया है। आषाढ़ अमावस्या इस बार 5 जुलाई को है। मान्यताओं के अनुसार इस दिन स्नान दान और पूजापाठ करने का खास महत्व होता है। कहते हैं कि हर महीने की अमावस्या को पितर धरती पर अपने परिजनों को देखने आते हैं। यदि इस दिन उनके नाम से दान पुण्य के कार्य किए जाएं तो आपको बहुत ही शुभ फल की प्राप्ति होती है। पितर अमावस्या की तरह ही आषाढ़ अमावस्या का महत्व शास्त्रों में बहुत खास माना गया है। आइए आपको इस बारे में विस्तार से बताते हैं और जानते हैं कुछ और खास बातें।

### आषाढ़ अमावस्या कब से कब तक

हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ अमावस्या 5 जुलाई शुक्रवार को सुबह 4 बजकर 57 मिनट से लेकर अगले दिन 6 जुलाई को सुबह 4 बजकर 26 मिनट तक रहेगी। इसलिए उदया तिथि के आधार पर आषाढ़ अमावस्या का व्रत 5 जुलाई शुक्रवार को रखा जाएगा।

### आषाढ़ अमावस्या पर क्या करें

आषाढ़ अमावस्या का महत्व शास्त्रों में बहुत ही खास माना जाता है। इस दिन सुबह स्नान करने के बाद पितरों का तर्पण करना सबसे शुभ माना जाता है। इसके बाद पितरों के नाम से दान पुण्य करना चाहिए। इस दिन जरूरतमंद लोगों को वस्त्र और अनाज का दान करना चाहिए। पितरों का तर्पण करने के लिए कुश, काले तिल और सफेद फूल का प्रयोग करना सबसे अच्छा माना जाता है। आषाढ़ अमावस्या की शाम को पीपल के पेड़ पर सरसों के तेल का दीपक जरूर जलाना चाहिए। कहते हैं पीपल के पेड़ पर पितरों का वास होता है।

इसके अलावा अमावस्या तिथि पर आपको शाम के वक्त दक्षिण दिशा में सरसों के तेल का दीपक जरूर जलाकर रखना चाहिए। अमावस्या के दिन आटा दान करना बहुत अच्छा माना जाता है। इसके साथ ही इस दिन नमक और चीनी का दान भी जरूर करें।

आषाढ़ अमावस्या पर क्या न करें अमावस्या तिथि को शास्त्रों में बहुत ही नियम संयम का पालन करने वाला दिन माना जाता है। इस दिन भूलकर भी किसी बुजुर्ग का अपमान न करें और किसी के साथ विवादों में पड़ने से बचें। अमावस्या तिथि पर मांस मदिरा का सेवन भूलकर भी न करें और द्वार पर आए किसी भिक्षुक को खाली हाथ न जाने दें।

New Delhi

# दिल्ली-नोएडा समेत पूरे NCR में सुबह-सुबह झमाझम बारिश, मौसम हुआ कूल-कूल, गर्मी से मिली राहत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश की राजधानी दिल्ली और नोएडा, गाजियाबाद समेत पूरे NCR में सुबह-सुबह बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया है. दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद समेत एनसीआर में तेज बारिश होने से तापमान में गिरावट आई है. जिससे गर्मी से राहत मिली है. वहीं, बारिश के कारण कुछ जगहों पर जलभराव भी देखने को मिला है. मौसम विभाग (IMD) ने आज (गुरुवार), 27 जून को इसी तरह बारिश का सिलसिला जारी रहने का अनुमान जताया है.

IMD के पूर्वानुमान के मुताबिक, दिल्ली में पूरे हफ्ते बारिश की गतिविधियां देखने को मिलेंगी. 28 और 29 जून को मध्यम जबकि 30 जून को भारी बारिश होने



की संभावना है. 1 और 2 जून को गरज के साथ बारिश होगी. जबकि आज यानी 27 जून को आसमान में बादलों के डेरे के बीच हल्की से मध्यम बारिश की गतिविधियां जारी रहेंगी.

IMD के मुताबिक, दिल्ली में 28 से 30 जून के बीच गरज-चमक के साथ तेज बारिश की उम्मीद है. वहीं, इस पूरे हफ्ते दिल्ली का अधिकतम तापमान 34 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच और न्यूनतम तापमान 27 से 30 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहने की संभावना है.

कितना रहेगा दिल्ली का तापमान?

देश की राजधानी दिल्ली में मॉनसून के आगमन का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है. आईएमडी के मुताबिक, मॉनसून मंगलवार को उत्तर प्रदेश की सीमा तक पहुंच गया है.

Hyderabad

# ट्रेन की अपर बर्थ गिरने से नीचे बैठे यात्री की मौत, रेलवे बोला- ठीक थी सीट

**हैदराबाद, (एजेंसी) ट्रेन के कोच में यात्रा करते समय एक यात्री के गलत तरीके से जंजीर लगाने के कारण ऊपरी बर्थ की सीट गिरने से केरल के एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत हो गई। राजकीय रेलवे पुलिस (GRP) ने बुधवार को यह जानकारी दी। दक्षिण रेलवे ने बुधवार को मिलेनियम एक्सप्रेस में सवार यात्री की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और साफ किया कि ट्रेन के डिब्बे के बीच वाली बर्थ की स्थिति अच्छी थी।**

जीआरपी ने बताया कि 16 जून को केरल निवासी अली खान सी.के. अपने दोस्त के साथ ट्रेन संख्या 12645 'एर्नाकुलम-हजरत निजामुद्दीन मिलेनियम सुपरफास्ट एक्सप्रेस' के स्लीपर कोच की निचली बर्थ से सवार होकर आगरा जा रहे थे। जीआरपी के एक अधिकारी ने बताया कि ट्रेन के तेलंगाना के वारंगल जिले से गुजरते समय घटना हुई।

उन्होंने बताया कि बुजुर्ग की गर्दन में चोट आई थी और उन्हें पहले रामागुंडम के एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां से उन्हें हैदराबाद के एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। 24 जून को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इस संबंध में एक मामला दर्ज कर लिया गया है। रेल मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता ने सोशल मीडिया 'मंच' 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि संबंधित यात्री एस-6 कोच की सीट नंबर 57 (निचली बर्थ) पर यात्रा कर रहा था। पोस्ट में लिखा था, 'एक यात्री द्वारा ऊपरी बर्थ की सीट पर चेन ठीक से नहीं लगाए जाने के कारण सीट नीचे गिर गई।' पोस्ट में कहा गया, 'यह स्पष्ट किया जाता है कि सीट क्षतिग्रस्त हालत में नहीं थी, न ही वह गिरी थी और न ही दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। निजामुद्दीन स्टेशन पर सीट की जांच की गई और वह ठीक पाई गई।'

Rajsthan

# दबंगों ने चोरी के शक में दो बच्चों को पेड़ से बांधकर पीटा

**अजमेर, (एजेंसी)** राजस्थान के अजमेर में सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां कुछ दबंगों ने दो बच्चों को पकड़कर पेड़ से बांध दिया, इसके बाद बुरी तरह पीटा. बच्चों को चोरी के आरोप में पीटा गया है. इस मामले का वीडियो भी सामने आया है. बच्चों की मां की शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की. पुलिस ने मामले में छह आरोपियों को अरेस्ट किया है. जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला श्रीनगर थाना इलाके का है. यहां बकरा चोरी के आरोप में घर से उठाकर बच्चों के साथ मारपीट की गई. घटना के बारे में जानकारी देते हुए एडिशनल एसपी ग्रामीण दीपक कुमार ने बताया कि बलाद के धड़ा गांव की रहने वाली महिला ने शिकायत दर्ज करवाकर कहा कि उनके बेटों को घर से ले जाकर कानाराम सहित अन्य लोगों ने पेड़ पर रस्सी से बांध दिया और बेरहमी से पिटाई की. इस मामले का वीडियो भी बनाया गया. पुलिस ने इस मामले को लेकर अलग-अलग धाराओं में केस दर्ज करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है. वहीं दोनों बच्चों के साथ पिटाई का वीडियो सामने आया है.

Jammu & Kashmir

# गंदोह मुठभेड़ में जैश के तीन पाकिस्तानी आतंकियों का सफाया, पुलिसकर्मी जख्मी

**जम्मू, (एजेंसी) अमरनाथ यात्रा से तीन दिन पहले सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन लागोर के तहत छह घंटे से अधिक समय तक चली मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के तीन पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया। दहशतगर्दों के पास से दो अमेरिकी एम4 कार्बाइन और एक एके-सीरीज असॉल्ट राइफल सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किया गया। मुठभेड़ में पुलिस के हेड कांस्टेबल फरीद अहमद घायल हुए हैं। उन्हें इलाज के लिए जीएमसी डोडा में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। इलाके में कुछ और आतंकी छिपे होने की आशंका को देखते हुए तलाशी अभियान जारी है।**

अधिकारियों ने बताया कि 11 और 12 जून को डोडा जिले में हुए दोहरे आतंकी हमलों के बाद पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की टीमें संयुक्त रूप से इलाके में तलाशी अभियान चला रही थीं। एक सटीक सूचना के बाद सुरक्षाबलों ने बुधवार सुबह गंदोह क्षेत्र के बजाद गांव में एक ठिकाने को घेर लिया। करीब 9:50 बजे सिनू पंचायत के एक गांव में सुरक्षा बलों पर ढलान पर बने एक ढोक (मिट्टी के घर) में छिपे आतंकियों ने भारी गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों की जवाबी गोलीबारी में एक आतंकी मारा गया।दिन चढ़ने के साथ ही सुरक्षा बलों ने दो और दहशतगर्कोंदों को मार गिराया। इलाके में हो रही भारी गोलीबारी और विस्फोटों की आवाज पूरे दूर तक सुनाई दे रही थी। आतंकियों की पहचान और उनके समूह का पता अभी नहीं चल पाया है।

खेल

# अफगानिस्तान का सपना चकनाचूर, साउथ अफ्रीका ने पहली बार कटाया वर्ल्ड कप फाइनल का टिकट

**नई दिल्ली, (एजेंसी) एडेन मार्करम की अगुवाई वाली साउथ अफ्रीकी टीम ने उस समय इतिहास रचा जब टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सेमीफाइनल-1 में उन्होंने अफगानिस्तान को हराकर फाइनल में कदम रखा। साउथ अफ्रीका इसी के साथ किसी भी वर्ल्ड कप के फाइनल में पहली बार पहुंची है। टीम 1992 से वनडे और 2007 से टी20 वर्ल्ड कप खेल रही है, मगर हर बार वह सेमीफाइनल में आकर चोक कर जाती थी, जिस वजह से उनके सिर 'चोकर्स' का टैग भी लगा हुआ है। मगर अब अफगानिस्तान को 9 विकेट से हराकर वह इस टैग को हटाने के नजदीक पहुंच गई है। साउथ अफ्रीका टी20 वर्ल्ड कप 2024 के खिताबी मुकाबले में सेमीफाइनल-2 जीतने वाले भारत या इंग्लैंड में से किसी से 29 जून को भिड़ेगा।**



बात मुकाबले की करें तो, टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी अफगानिस्तान की टीम मात्र 56 रनों पर सिमट गई। साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों की आग उगलती परफॉर्मेंस के आगे अफगानी टीम 11.5 ओवर ही टिक पाई। टीम का कोई बल्लेबाज 10 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाया, 10 में से 9 खिलाड़ी सिंगल डिजिट पर आउट हुए, वहीं अजमतुल्लाह उमरजई 10 रन के साथ टीम के टॉप स्कोरर रहे। हैरानी की बात यह है कि अफगानिस्तान के एक्सट्रा रन (13) टीम के अन्य बल्लेबाजों से अधिक थे।

साउथ अफ्रीका के लिए मार्को जेनसन और तबरेज शम्सी ने 3-3 विकेट चटकाए, वहीं नॉर्खिया और रबाडा को 2-2 सफलताएं मिली। त्रिनिदाद की इस असमतल उछाल वाली मुश्किल पिच पर साउथ अफ्रीका को इन 57 रनों के टारगेट का पीछा करने में 8.5 ओवर लग गए, उन्होंने 9 विकेट से यह मैच जीता। साउथ अफ्रीका का एकमात्र विकेट क्विंटन डी कॉक के रूप में गिरा जो 5 रन बनाकर आउट हुए। वहीं रीजा हेंड्रिक्स 29 और कप्तान एडेन मार्करम 23 रन बनाकर नाबाद रहे।

मार्को जेनसन को उनकी शानदार गेंदबाजी के चलते प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया। जेनसन ने 3 ओवर में 16 रन खर्च कर तीन विकेट चटकाए थे।

सिनेमा

# हिंदी में भी धमाका करेगी 'कल्कि 2898 AD', टूटेगा 'फाइटर' का रिकॉर्ड, मिलेगी साल की सबसे बड़ी ओपनिंग



आखिरकार वो दिन आ गया है जिसका इंतजार इंडिया के सिनेमा फैन्स ने काफी लंबे वक्त तक किया है. प्रभास, अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण और कमल हासन स्टारर 'कल्कि 2898 AD' थिएटर्स में पहुंच चुकी है. देश से लेकर विदेशों तक फिल्म के पहले शोज शुरू हो चुके हैं.

जनता की नजरें एक तरफ तो फिल्म से आने वाले रिव्यूज और जनता की राय पर टिकी है, दूसरी तरफ फिल्म ट्रेड की नजरें सुपरस्टार प्रभास की बॉक्स ऑफिस पावर पर लगी हुई है. साल की सबसे बड़ी ओपनिंग लेने को तैयार नजर आ रही 'कल्कि 2898 AD', हिंदी वर्जन में भी तगड़ा कमाल करने के लिए तैयार है.

ट्रेड रिपोर्ट्स बताती हैं कि 'कल्कि 2898 AD' के हिंदी वर्जन के लिए एडवांस बुकिंग शानदार है. प्रभास की फिल्म के लिए नेशनल चेन्स में कुल 1.25 लाख से ज्यादा टिकट एडवांस में बुक हुए हैं. हिंदी में इस साल की बड़ी हिट्स में से एक 'आर्टिकल 370' के लिए भी नेशनल चेन्स में एडवांस बुकिंग का आंकड़ा इतना ही था. मगर यहां खेल टिकट के दाम का है.

## Highlights

1. **Ashamed to see people travelling like cattle: Bombay HC on local trains**
2. **Bihar govt schools timing changed, to open from 9 am from July 1**
3. **India looking carefully at reforms: US on 'murder plot' against Pannun**
4. **Severe alcohol addiction: Police as BJP shares video of girl 'high on drugs' on road in Punjab**
5. **BJP expels U'khand leader Aditya Saini arrested in minor's rape, murder case**

# Sri Lanka finalises debt restructure agreement with official creditor committee

**NEW DEIHI, (Agency).** Sri Lanka's government said on Wednesday it has finalised a long-delayed debt restructuring agreement for USD 5.8 billion with its bilateral lenders, including India and China, in Paris to meet a key condition of an IMF bailout.

This was announced by President Ranil Wickremesinghe's office, which said the agreement grants significant debt relief allowing Sri Lanka to allocate funds to essential public services and secure concessional financing for its development needs.

"Sri Lanka reached a final restructuring agreement for 5.8 billion US dollars with its bilateral lenders' official creditor committee in Paris," the President's office said in a statement.

The statement came ahead of a televised address to the nation later tonight by President



Wickremesinghe, who has steered the effort to take the island out of the economic crisis since Sri Lanka declared its first-ever sovereign default in 2022.


President Wickremesinghe, who also holds the portfolio as the finance minister, is expected to contest the presidential election in the coming months. It is understood that Wickremesinghe, 75, will 'declare an end to bankruptcy' following the agreement reached with bilateral creditors and private bondholders on external debt restructuring.

State Finance Minister Shehan Semasinghe announced that the Sri Lankan authorities are also in the process of signing bilateral debt treatment agreements between Sri Lanka and the Export-Import Bank of China.

"On behalf of Sri Lanka, I would like to sincerely thank the OCC chairs - France, India, and Japan - as well as the Export-Import Bank of China for their leadership in this process, as well as all OCC members for their unwavering support," he said.

# No clean chit for Byju's, reports misleading, says Centre

**NEW DEIHI, (Agency).** The Ministry of Corporate Affairs on Wednesday clarified that proceedings initiated against edtech player Byju's under the companies law are "still ongoing" and a final conclusion cannot be drawn in the matter at this stage.




This came after media reports had suggested that a year-long probe by the ministry found no evidence of financial misconduct like fund diversion or financial manipulation at Byju's. "There have been recent reports claiming that Byju's has been cleared of financial fraud in an ongoing investigation by the Ministry of Corporate Affairs (MCA)," it said, adding that the investigations is on and definitive statements on the matter are premature. The reports said that the investigation did discover governance shortcomings that were reportedly contributing to the startup's increasing losses. "It is categorically clarified that such reports are factually incorrect and misleading. The proceedings initiated by MCA under the Companies Act, 2013, are still on going and no final conclusion should be drawn in this matter at this stage," MCA added in the statement. Last year, the ministry began an inspection of Byju's books due to various concerns, including delays in finalising financial statements and the resignation of an auditor.

# कार से जा रहे व्यापारी को गोली मारी, पैर में लगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मल्हारगंज इलाके के अंतिम चौराहे पर गणेश मतनकर नाम के व्यापारी को बदमाशों ने गोली मार दी। गोली उसके पैर में लगी है। उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना गुरुवार सुबह 7.30 बजे की है।**



प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक गणेश अपने दोस्त के साथ महाकाल दर्शन के लिये कार से निकला था। दोनों अंतिम चौराहे पर पहुंचे तो पीछे से अन्य कार आई जो गणेश की कार के आगे आकर रूकी गणेश कार से उतरा तो दूसरे कार सवार ने फायर किया। गोली उसके पैर में लगी। उपचार के लिये उसे अस्पताल भेजा गया। गणेश महाराष्ट्र के पुने रहने वाला है। उसके साथ दो ओर लोग भी थे। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। गणेश को गोली मारने वाली कार का नंबर पुलिस को मिल गया है। उसकी नंबर के आधार पर तलाश की जा रही है।

## महिला ने एसिड पीया

### पति, सास और ननंद पर प्रताडऩा का केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राऊ में रहने वाली 30 साल की एक महिला ने एसिड पी लिया। उसके बयान के बाद पुलिस ने उसके पति, सास और ननंद पर प्रताडऩा का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक सविता सोलंकी निवासी संजय नगर राऊ की शिकायत पर उसके पति गोपाल सोलंकी निवासी धन्नड़ पीथमपुर, सास धनीबाई और ननंद शांता के खिलाफ प्रताडऩा का केस दर्ज किया है। सविता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसकी सास धनीबाई ओर ननंद शांता घर से बाहर निकलने को लेकर बोलते हैं। इसलिये वह मायके आ गई थी। 23 जून की शाम करीब 8 बजे पति गोपाल आया और मां से झगड़ा किया। तब इस घटना से नाराज होकर सविता ने एसिड पी लिया। उसे उपचार के लिये एमवाय लेकर आया गया।

## कालगर्ल सर्च किया और ठगोरे से हो गया संपर्क

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गुगल पर कालगर्ल सर्च करने के दौरान एक युवक का ठगोरे से संपर्क हो गया, जिसने उसे बातों में उलझाया और अलग-अलग तरीकों उसे 78 हजार रुपए की चपत लगा दी। मामले में फरियादी ने जोन के साइबर हेल्प डेस्क पर शिकायत दर्ज कराई।**

जोन 1के एडिशनल डीसीपी आलोक शर्मा को फरियादी युवक ने बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करता है। उसने गूगल पर जाकर कालगर्ल के लिए सर्च किया था। सर्चिंग करने पर ठग ने उसे देवास की एक होटल का पता दिया। होटल जाने से पहले उसने ठग ने उसे फोन कर बताया कि होटल का किराया 500 तथा कालगर्ल के लिए 1500 रुपए चुकाने होंगे। इसके बाद कहा कि, हमारे पास एक बेहतरीन स्कीम है। इसमें निवेश करने पर दो-तीन गुना फायदा होगा। फरियादी ठग की बातों में आ गया और उसने निवेश करने की हामी भर दी। इसके बाद फरियादी ने 78 हजार रुपए ठग द्वारा बताए बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए। जब फरियादी को जमा कराई राशि से कुछ लाभ नहीं मिला तो उसने ठग से बात की। इस पर ठग ने कहा कि आपको राशि वापस लेने के लिए पुलिस वेरीफिकेशन कराना होगा। पुलिस वेरीफिकेशन के लिए 20 हजा रुपए देना होंगे। फरियादी यह सुनकर हैरत में पड़ गया। उसे समझ नहीं आया कि कालगर्ल के लिए पुलिस वेरीफिकेशन की जरूरत नहीं होती। यहां पता चला कि आरोपी डूंगरपुर राजस्थान के रहने वाला है और उसने छतरपुर से सिम ले रखी है।

# शहर में गांजा सप्लाय करने आया तस्कर पकड़ाया

### आरोपी से 20 किलो गांजा बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक ओर सफलता हासिल करते हुए गांजा तस्कर को गिरफ्त में लेकर उसके पास से 20 किलो गांजा बरामद किया है। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि वह यह गांज शहर में सप्लाय करने के लिए लाया था।

डीसीपी जोन-4 त्रषिकेश मीणा ने बताया कि आपरेशन ईगल क्ला चलाकर नशे के कारोबार में लिप्त बदमाशों पर सतत प्रहार किया जा रहा है। वहीं लगातार चेकिंग पाइंट लगाकर संदिग्ध दिखने वालों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इसी कड़ी में भंवरकुंआ थाना प्रभारी राजकुमार यादव पुलिसकर्मियों के साथ गश्त कर रहे थे तभी तीन ईमली बस स्टैंड के पीछे मैदन पर एक व्यक्ति हाथ में प्लास्टिक की थैली लिये था इस पर पुलिस को उक्त व्यक्ति संदिग्ध लगा। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर देवराम पिता राजू बडुक्या निवासी धार को घेराबंदी कर पकड़ लिया। उसके पास मौजूद थैली की तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से पांच किलो गांजा बरामद हुआ।

पुलिस ने उससे सख्ती से पूछताछ की तो आरोपी ने बताय कि वह गांजा सप्लाय करने आया था वह अपने साथी राजेश पिता मोना निवासी धार के साथ मिलकर ये काम करता है इस पर पुलिस टीम उसे साथ लेकर राजेश के ठिकाने पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी तो फरार हो गया लेकिन उसके ठिकाने से पुलिस ने 15 किलो गांजा बरामद कर लिया। अब पुलिस आरोपी राजेश की तलाश कर रही है।

### ... यहां हथियार के साथ पकड़ाए तस्कर

इसी प्रकार डीसीपी ऋषिकेश मीणा ने बताया कि द्वारकापुरी पुलिस ने हथियार बंद गांजा तस्करों को पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से दो पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। वहीं इनके पास से पुलिस टीम ने करीब 22 हजार मूल्य का गांजा बरामद किया है। डीसीपी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने रेवाराम पिता बालचंद भंवर निवासवी अहीरखेड़ी गांव और भय्यू उर्फ आयुष मालवीय निवासी लालबाउंड्री त्रषि पैलेस को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से गांजा और पिस्टल बरामद की। बदमाशों का आपराधिक रिकार्ड भी है। पुलिस अन्य मामलों में बदमाशों से पूछताछ कर रही है।

# मैकेनिक के खाते से उड़ा दिए थे 4 लाख

### आरोपी गिरफ्तार, 2 लाख से ज्यादा रिकवर किए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राज्य सायबर सेल इंदौर ने मेकेनिक के खाते से 4 लाख से ज्यादा की ऑनलाईन धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिर तार कर 2.10 लाख रुपए की रिकवरी कर ली। आरोपी ने फरियादी से ओटीपी हासिल कर खुद के मोबाइल पर नेटबेंकिंग सुविधा प्रारंभ धोखाधड़ी की थी। सायबर सेल इंदौर के एसपी जितेन्द्र सिंह के अनुसार गत वर्ष 25 अक्टूबर को फरियादी अरुण पिता मिश्रीलाल नायक (20) नि. सांईकृपा कालोनी ने शिकायत करते हुए बताया कि अज्ञात बदमाश व्दारा उसके बैंक खाते से बिना जानकारी के नेटबैंकिंग के माध्यम से 4 लाख 10 हजार रुपये की धोखाधडी कर दी गई। अरुण के खाते में यह राशि बेल बेचने व खेती बंटाई पर देने पर आए थे। सायबर सेल ने अपराध पंजीबध्द कर त्वरित कार्यवाही करते हुए फरियादी के बैंक से ट्रांजेक्शन संबंधी जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही आनलाईन नेटबैंकिग के संबंध में प्राप्त आईपी के आधार पर पाया गया कि फरियादी अरुण के बैंक खातें को आनलाईन नेट बैंकिग से रजिस्टर्ड कर उसके मोबाईल पर प्राप्त ओटीपी आरोपी व्दारा ज्ञात किया जाकर उसमें आरोपी ने अपने मोबाइल नंबर व जीमेल आईडी रजिस्टर्ड कर उक्त धोखाधड़ी की गई है। पुलिस टीम ने जांच के बाद आरोपी रजत पिता लेखराज गौड़ नि. गोकुलनगर तक पहुंच गई। उसने आनलाइन धोखाधड़ी कर 4.1 लाख रुपए अपने खाते में स्थानांतरित कर लिए थे। साथ ही पकड़े जाने के डर से उक्त राशि अपने तीन अन्य बैंक खातों में स्थानांतरित कर दिए थे। वहीं आरोपी रजत व्दारा फ्रॉड की राशि का कुछ हिस्सा सहयोग करने वाले अपने अन्य साथियों को दिया जाना बताया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक